तापमान

अधिकतम 28.8 डिग्री
न्यूनतम 6.6 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 12 नवंबर, 2025



विकास की नई उड़ान, मिली 5.50 करोड़ की सौगात 12





गुरु तेग बहादुर की शिक्षाओं व वाणी की दी जानकारी 12




## खबर संक्षेप

### ठेकेदार ने यूरिया के 219 कट्टे गायब किए

**समालखा।** समालखा हैफेड के तहत आने वाले गांव मांडी स्थित पैक्स में यूरिया खाद वितरण में बड़ी अनियमितता सामने आई है। किसानों के लिए भेजे गए 500 कट्टे यूरिया में से केवल 281 कट्टे ही पैक्स तक पहुंचे। पैक्स सचिव जगत सिंह ने गांव की आवश्यकता के मद्देनजर हैफेड समालखा को 500 कट्टे यूरिया भेजने के लिए पत्र लिखा था। हैफेड अधिकारियों ने 2 नवंबर को 500 कट्टे यूरिया की रसीद काटकर ठेकेदार के ट्रक में खाद लोड करवाकर भेजा। मांडी पैक्स में जब ट्रक से यूरिया उतारा गया, तो गिनती में केवल 281 कट्टे पाए गए। पैक्स सचिव ने तुरंत ठेकेदार से संपर्क किया, लेकिन उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आरोप है कि ठेकेदार ने शेष यूरिया कट्टे निजी दुकानों पर उतार दिए।

### ठगी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज धोखाधड़ी से मंहगे दामों पर जमीन बिकवाने के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने आरोपी नवाब सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया है। मामले के सम्बन्ध में आर्थिक अपराध शाखा के निरीक्षक परमवीर ने बताया कि परिवादी विजय कुमार शिकायत दर्ज करवाई थी कि 13 मार्च 2025 से 11 अप्रैल 2025 के दौरान आरोपी नवाब सिंह व अन्य ने धोखाधड़ी से किसी और व्यक्ति की भूमि दिखाकर उस भूमि को आगे मंहगे दामों पर बिकवाने के नाम से मेरे से एक बड़ी रकम हड़पने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### दिल्ली विस्फोट के बाद करनाल में हाई अलर्ट

**करनाल।** दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए एक विस्फोट के बाद, पूरे देश की सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर आ गई हैं। इसी क्रम में, हरियाणा के करनाल जिले में भी हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। करनाल पुलिस ने जिले भर में सुरक्षा व्यवस्था को अभूतपूर्व रूप से कड़ा कर दिया है और मंगलवार से ही सघन सुरक्षा जाँच शुरू कर दी है। करनाल पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय और अंतर-जिला सीमाओं पर कड़ी निगरानी के आदेश दिए हैं।शहर के प्रवेश और निकास मार्गों पर पुलिसकर्मी आने-जाने वाले वाहनों की गहन जाँच कर रहे हैं।

# हॉकी एस्ट्रोटर्फ के साथ फोरलेन सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का होगा निर्माण : नायब

## सीएम सैनी की बड़ागढ़ खेल स्टेडियम को 16.71 करोड़ की सौगात

*मुख्यमंत्री बोले, जब युवा खेल के मैदान में दौड़ते हैं तो करते हैं राष्ट्र का निर्माण, खेल शक्ति से मिलती है सकारात्मक दिशा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि खेल ही वह शक्ति है जो युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देती है। जब युवा मैदान में दौड़ता हैं तो वह नशे से दूर रहते हुए, अनुशासन के साथ राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गांव बड़ागढ़ में हरियाणा स्टेट चैम्पियनशिप -2025 के उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे।

- सैनी गांव बड़ागढ़ में हरियाणा स्टेट चैम्पियनशिप का उद्घाटन किया

मुख्यमंत्री ने इस स्टेडियम में 16 करोड़ 71 लाख रुपये की लागत से बनने वाले हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान और फोरलेन सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने अक्टूबर में आयोजित यूथ एशियन गेम्स में रजत पदक जीतने वाली बॉक्सर हरनूर कौर को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ही कहा है कि मैदान में जो खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ देता है वही जीवन में भी सदैव सबसे आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री की इस बात को अपने जीवन में लागू करके दिखाया है। हमारी धरती सदियों से वीरों, खिलाड़ियों और कर्मयोगियों की भूमि रही है। ओलंपिक, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल या राष्ट्रीय चैंपियनशिप, हर जगह हरियाणा के बेटे-बेटियों ने देश का नाम रोशन किया है। इसके लिए प्रदेश के खिलाड़ी बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ागढ़ की इस पवित्र धरती पर आकर मुझे बड़े उत्साह और उमंग का अनुभव हो रहा है। हरियाणा स्टेट चैंपियनशिप -2025 में प्रदेश के 4 हजार से अधिक ऊर्जावान युवाओं का दल शामिल है। जहां तक नजर डालो, वहां हर चेहरा उमंग से दमक रहा है। हर दिल में एक ही संकल्प धडक़ रहा है कि जो मैदान में उतरेंगे तो जीतकर ही लौटेंगे। मैदान में गूंजे युवा पुकार, जीत का रखो सदा विचार, हार से सीखो हिम्मत न हारो, नई उड़ान भरो सपनों को संवारों। इस चैंपियनशिप से खिलाड़ी अपने खेल स्तर को और अधिक उंचा उठाने में सफल रहेंगे। यह चैंपियनशिप ऐसे समय में हो रही है जब हम गत नौंवी पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर का शहीदी वर्ष मना रहे हैं।



शहजादपुर। इंटरनेशनल गेम में पदक विजेता खिलाड़ी को सम्मानित करते सीएम।

### हॉकी की नर्सरी कहलाएगा यह स्टेडियम

*मुख्यमंत्री ने कहा कि शाहबाद में स्थित हॉकी एकादमी में बने एस्ट्रोटर्फ मैदान से रानी रामपाल व सविता पूनिया जैसी खिलाडियों ने देश का नेतृत्व किया है। उसी प्रकार यहां से भी निकलने वाले खिलाड़ी देश-विदेश में नाम कमाएंगे। यह स्टेडियम भी शाहबाद की तरह हॉकी की नर्सरी कहलाएगा। इस फोर लेन सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के निर्माण से एथलेटिक्स जैसे मूलभूत खेलों को भी नई दिशा मिलेगी। हर खेल की शुरुआत दौड़ से होती है, और जब दौड़ की शुरुआत आधुनिक ट्रैक से होगी, तो उसके परिणाम भी विश्वस्तरीय होंगे। सैनी ने कहा कि सरकार ने खेल सुविधाएं पूरे राज्य में विकसित करने का बीड़ा उठाया हुआ है।*

## अत्याधुनिक खेल सुविधाएं मिलेंगी



शहजादपुर। पहले मैच में दम दिखाते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

**शहजादपुर।** आधुनिक खेल परिसर बड़ागढ़ में हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान और 4 लेन सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के निर्माण कार्य पर अनुमानित लगभग 1671.61 लाख रूपए की राशि खर्च होगी। हॉकी एस्ट्रोटर्फ ग्राउंड, फल्ड लाईट के साथ एफआईएच अनुमोदित, 4 लेन सिंथेटिक ट्रेक, 315 केवीए सब स्टेशन और डीजी सैट, आरओ युक्त वॉटर कूलर तथा सौलर पांवर प्लांट लगाए जाने का प्रावधान है। इस अवसर पर कार्यक्रम में खेल विभाग के प्रधान सचिव नवदीप सिंह विर्क, महानिदेशक संजीव वर्मा, हरियाणा पशु धन विकास बोर्ड के चेयरमैन एवं जिला प्रभारी धर्मवीर मिर्जापुर, भाजपा जिला अध्यक्ष मंदीप राणा, उपायुक्त अजय सिंह तोमर, पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, एसीयूटी राहुल कंवरिया, सीईओ जिला परिषद गगनदीप, एसडीएम शिवजीत भारती, संदीप सैनी , जिला महामंत्री विवेक गुप्ता व कर्मचंद गोल्डी, नंबरदार सुरेश पाल, मार्केट कमेटी चेयरमैन नरेंद्र राणा , मंडल प्रधान जगदीप कौर, हरजिंदर पाल, धर्मवीर गुर्जर, विक्रम राणा, चेयरमैन जसमेर राणा, अश्वनी अग्रवाल, रणधीर सिंह भूरेवाला, राकेश बिंदल, रमेश पाल नोहनी भी मौजूद रहे। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर खेल विभाग के प्रधान सचिव नवदीप सिंह विर्क ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत करते हुए खेल विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज से शुरू हुई यह हरियाणा स्टेट चैंपियनशिप13 नवंबर तक आयोजित होगी जिसमें प्रदेश के लगभग 4 हजार खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा खेलों को बढावा देने के लिए विशेष कदम उठाए गए हैं।

### 13 तक होंगी प्रतियोगिताएं

हरियाणा स्टेट चैंपियनशिप 2025 (पुरुष - महिला) वॉलीबॉल, हैंडबॉल, स्विमिंग, बैडमिंटन, बॉस्केटबॉल तथा एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं 11 नवंबर से 13 नवंबर तक आयोजित होंगी। ये प्रतियोगिताएं अंबाला छावनी, पंचकूला तथा मॉडर्न स्पोर्ट्स कांप्लेक्स बड़ागढ़ में आयोजित होंगी।

# नगर निगम ने प्रॉपर्टी टैक्स जमा न कराने पर बंद फैक्ट्री समेत पांच संपत्तियां की सील

- एक ने मौके पर टैक्स जमा कर सील होने से बचाई अपनी संपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर प्रशासन द्वारा बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा न करने पर एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। दस दिन पहले जहां निगम ने एक कॉलेज समेत 13 संपत्तियां सील की थी। वहीं, अब चांदपुर स्थित एक बंद फैक्ट्री समेत पांच व्यावसायिक संपत्तियों को सील किया है। इन संपत्तियों के मालिकों पर निगम का 14 लाख 6 हजार 316 रुपये संपत्ति कर बकाया है। चांदपुर में एक संपत्ति मालिक ने संपत्ति सील होने से पहले मौके पर ही टैक्स जमा करवा दिया।

### निगमायुक्त महाबीर के निर्देशों पर कार्रवाई



निगमायुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर यमुनानगर जोन में क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अजय वालिया व जितेंद्र मल्होत्रा की टीम ने सबसे पहले चांदपुर में प्रोडक्ट फैक्ट्री को सील किया। अब यह फैक्टरी बंद हो चुकी है। इस संपत्ति पर नगर निगम का कुल 3 लाख 93 हजार 563 प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। यहीं पर टीम ने दुकान को सील करना शुरु किया तो मौके पर संपत्ति कर जमा करवा दिया। टीम ने जैन कॉलोनी स्थित एक दुकान को सील किया। इस पर निगम का एक लाख 73 हजार 787 रुपये प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। निगम की टीम ने विश्वकर्मा चौक पर दो दुकानों को सील कर दिया। इन दुकानों पर एक पर एक लाख 70 हजार 908 रुपये और दूसरी पर 2 लाख 13 हजार रुपये संपति कर बकाया है। इसके बाद निगम की टीम मॉडल टाउन वेयरहाउस के पास पहुंची। यहां निगम की टीम ने एक दुकान को सील कर दिया। इस दुकान पर निगम का 4 लाख 55 हजार 58 रुपये प्रॉपर्टी टैक्स बकाया था। इन सभी बकायेदारों पर निगम का 14 लाख 6 हजार 316 रुपये प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है।

# अंतरराष्ट्रीय ईरानी गैंग के चार सदस्य गिरफ्तार

- देशभर में 105 से ज्यादा सोना, हीरे चोरी व ठगने की वारदातें कबूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस द्वारा ऑप्रेशन ट्रैक डाउन'' के तहत चलाए गए विशेष अभियान के दौरान अबाला शहर क्षेत्र में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-1 ने आंध्रप्रदेश के आरोपी मोहम्मद खान व मुख्य सरगना गुलाम अब्बास उर्फ रिहाना रजवी वासी घाटकोपर पश्चिम मुंबई को गिरफ्तार किया है। जांच टीम ने आरोपी मोहम्मद खान को 2 दिन व मुख्य सरगना गुलाम अब्बास का 10 दिन के रिमांड पर लिया है। दरअसल 10 नवंबर 2025 को सीआईए-1 ने आरोपी अकबर मियां शेख पश्चिम मुंबई व आरोपी असदुल्ला खान उर्फ कालिया निवासी झोपड़ पट्टी ठाणे महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया था। इन आरोपियों को पुलिस ने एक दिन क रिमांड पर लिया था। आरापियों से 4 मोबाइल फोन, 4 सिम व वारदात में प्रयुक्त दो एक्टिवा बरामद की गई है। यह ईरानी गैंग ठग ऑफ हिंदुस्तान किस्म का गैंग है जो देश के सभी राज्यों में योजनाबद्ध तरीके से धोखाधड़ी करके सोना/हीरे चोरी करने जैसी वारदातों को अंजाम देता है। आरोपियों के खिलाफ अन्य राज्यों में भी चोरी व धोखाधड़ी के लगभग 105 मुकदमें दर्ज हैं। रेलवे रोड वासी समर्थ जैन ने 3 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि पदमावती ज्वेलर्स से आरोपियों ने 150 ग्राम सोना हेराफेरा से चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।




अंबाला। पकड़े गए ईरानी गैंग के सदस्य।

### प्लेन व शताब्दी ट्रेन में करते थे सफर

वारदातों को अंजाम देने के लिए यह गिरोह कर्नाटक बिदर, कल्याण, हैद्राबाद, तेलंगाना, पंजाब व मुंबई से चोरी की हुई एक्टिवा को रेलवे पार्सल द्वारा व कुछ जगह वारदात के लिए एक्टिवा उपलब्ध करवाते हैं। कुछ सदस्य रेलवे व हवाई जहाज के माध्यम से सभी राज्यों में अलग-अलग स्थानों पर जाकर वारदातों को अंजाम देते है ।

## डीसी ने किसानों के धरनास्थल पर पहुंचकर की किसानों से बातचीत

**रादौर।** अंबाला शामली नेशनल हाइवे पर रास्ते की मांग को लेकर गांव पोटली में चल रहे किसानों के धरना प्रदर्शन स्थल पर मंगलवार को उपायुक्त पार्थ गुप्ता अन्य अधिकारियों के साथ किसानों के बीच पहुंचे। उन्होंने किसानों से रास्ते को लेकर बातचीत की। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने गांव पोटली के दोनों रास्तों का मुआयना किया और एसडीएम और एनएचएआई के अधिकारियों को संबंधित मुद्दे पर यथाशीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों-ग्रामवासियों को आश्वासन दिया कि उपयुक्त समन्वय का मार्ग निकाल कर समुचित निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने किसानों से भी सहयोग की अपील की और क्षेत्र के विकास से भी सहयोग की अपील की और क्षेत्र के विकास में सड़क निर्माण कार्य को महत्वपूर्ण कड़ी बताया। सड़क से जहां आवागमन सरल एव तेज होता है। वहीं आस-पास के इलाके के लिए नए रोजगार के अवसर भी खोलता है। इस मौके पर एसडीएम रादौर नरेन्द्र कुमार, डीआईपीआरओ डा. मनोज कुमार, बीडीपीओ सिमरन, तहसीलदार अशोक कुमार, एनएचएआई के उप प्रबंधक तकनीकी, विशाल केसरवानी, एसडीओ विक्रम सिंह एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ-साथ किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान, जिलाध्यक्ष सुभाष गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक डांगी, सुभाष, अरविंद काम्बोज, साहिल सेतियाए, यादविंदर काम्बोज, दीप राणा, रविन्द्र पाल, रमेश ढिल्लो, निरंजन सिंह, धर्मबीर काम्बोज, महेन्द्र सहित अन्य किसान मौजूद रहे।



### मंत्री के आवास का घेराव करेंगे एलसीएलओ

**जींद।** जिला के सभी एलसीएलओ पदाधिकारियों व सदस्यों की बैठक हुई। इसमें आगे की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। जिला प्रधान राकेश कुमार ने कहा कि अभी तक प्रदेश सरकार से कई बार वार्ता हो चुकी है। तीन बार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, छह बार मुख्यमंत्री के ओएसडी व कई वरिष्ठ अधिकारियों से बात हो चुकी है लेकिन एलसीएलओ कर्मचारियों की समस्याओं का कोई समाधान नहीं हुआ। जिले के सैकड़ों एलसीएलओ कर्मचारी नरवाना में मंत्री कृष्ण बेदी के आवास का घेराव करेंगे।

## कार की टक्कर लगने से बाइक सवार दंपत्ति व बेटी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से बाइक पर चंडीगढ़ जा रहे थे

शहर के बाईपास पुल के पास मंगलवार सुबह कार की टक्कर लगने से बाइक सवार दंपत्ति व उनकी चार वर्षीय बेटी घायल हो गई। घायलों का इलाज शहर के सिविल अस्पताल में चल रहा है। घायल दंपत्ति अपनी बेटी के साथ उत्तर प्रदेश के सरसावा से चंडीगढ़ जा रहे थे। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के सरसावा निवासी मंगेश ने बताया कि वह चंडीगढ़ में काम करता है। मंगलवार को वह अपनी पत्नी अंजली व चार वर्षीय बेटी रूद्राक्षी के साथ बाइक पर चंडीगढ़ जा रहा था। जब वह यमुनानगर के बाइपास पुल के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह तीनों घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी।उसने बताया कि हादसे में उसकी टांग में फ्रेक्चर आया है और पत्नी की टांग पर चोट आने से टांके लगाने पड़े। उसकी बच्ची के माथे पर भी चोट आई है।

## शुभम हत्याकांड के पांच महीने बाद भी न्याय के लिए सड़क पर परिवार

# करनाल में प्रदर्शन, पुलिस की जांच पर उठे सवाल

- पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच नोंकझोंक भी हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

29 जून को चोरा खालसा गांव में 16 वर्षीय शुभम हत्याकांड के पांच महीने बाद भी न्याय न मिलने से हताश मृतक की मां बाली देवी और ग्रामीण सड़कों पर उतर आए हैं। मंगलवार को उन्होंने कर्ण पार्क में प्रदर्शन किया, जिसके दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच नोंकझोंक भी हुई। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पुलिस मामले की जाँच में लापरवाही कर रही है और सबूतों से छेड़छाड़ की गई है। बता दें कि 29 जून की रात 16 वर्षीय शुभम दूध लेने के लिए गांव की डेयरी गया था, लेकिन घर नहीं लौटा। देर रात गांव के लोगों ने उसकी माँ बाली देवी को सूचना दी कि शुभम एक सुनसान गली में मृत पड़ा है। बाली देवी जब मौके पर पहुंचीं तो उन्होंने देखा कि उनके बेटे के गले पर चोट के निशान थे। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में यह पुष्टि हुई कि शुभम की गला दबाकर हत्या की गई थी। रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि शुभम के शरीर पर कई जगह चोटों के निशान थे और संभवतः पांच से छह लोगों ने मिलकर उसकी हत्या की थी। शुभम की माँ बाली देवी ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि हत्या के इतने महीने बाद भी पुलिस ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। उनका आरोप है कि पुलिस ने जाँच में लापरवाही की है, यहां तक कि मामले के सीसीटीवी फुटेज को भी खराब कर दिया और उन पर दबाव बनाने की कोशिश की। बाली देवी का कहना है कि उन्हें अपने बेटे के कातिलों की पहचान पता है, लेकिन पुलिस ने अब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया।





मृतक शुभम का फाइल फोटो।

### पुलिस का कहना है

*डीएसपी असंध गोरखपाल राणा ने कहा कि चीरा गांव में एक बच्चे की मौत हुई थी जिसकी जाँच चल रही है। उन्होंने बताया कि अभी जाँच अधिकारी 'लास्ट प्वाइंट' तक नहीं पहुंच पाए हैं। मामले में नारकोटिक्स और फॉरेंसिक टेस्ट बाकी हैं, जिनकी तारीख तय हो चुकी है। जाँच पूरी होने के बाद सभी बातें साफ हो जाएंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्ण पार्क में पुलिस बल इसलिए लगाया गया था, ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी न हो और आम लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।*

# ट्रक की टक्कर से मां की मौत, बेटा व नानी घायल



**रादौर।** रादौर के एसके मार्ग पर अनाज मंडी के नजदीक ट्रक की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार मां की मौत हो गई और बेटा व नानी गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव गगनपुर निवासी राहुल शाम के वक्त मोटरसाइकिल पर अपनी मां ममता देवी(40) व नानी जसमेरो देवी को लेकर एमटी करेहड़ा जा रहा था। इस दौरान रास्ते में रादौर के एसके मार्ग पर अनाजमंडी के नजदीक पीछे से तेजगति से आ रहे ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से राहुल, उसकी मां और नानी मोटरसाइकिल से उछलकर नीचे जा गिरे। राहुल और उसकी नानी एक तरफ गिर गई और उसकी मां ममता देवी ट्रक के टायर की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और घायलों को अस्पताल में पहुंचाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

## खबर संक्षेप

### मारपीट में पांच युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव इस्माइलपुर में पांच युवकों ने मिलकर रंजिश के चलते गांव के ही युवक को पीट कर घायल कर दिया। घायल का इलाज चल रहा है। इस्माइलपुर निवासी संजीव कुमार ने छछरौली थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई सतीश कुमार का कुछ दिन पहले गांव के ही सिंद्रा व भीमा के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इस दौरान आरोपी उसके भाई से रंजिश रखने लगे। संजीव कुमार ने बताया कि सोमवार शाम को भाई सतीश कुमार गांव में जा रहा था। इस दौरान सिंद्रा व भीम ने अपने परिवार के सदस्यों सोनू आर्यन व अर्जुन के साथ मिलकर उसके भाई पर हमला कर दिया।

### घर से 1.80 लाख की नकदी व आभूषण चोरी

**यमुनानगर।** जगाधरी की प्रेस वाली गली में चोरों ने सूने घर में घुसकर 1.80 लाख रुपये की नकदी तथा लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। प्रेस वाली गली जगाधरी निवासी रक्षा शर्मा ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आठ नवंबर की रात नौ बजे वह परिवार के सदस्यों के साथ समारोह में भाग लेने के लिए गई थी। दो दिन बाद जब वह वापस घर लौटे तो घर का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से एक लाख 80 हजार रुपये की नकदी तथा सोने व चांदी के आभूषण गायब थे। उसने बताया कि चोरी हुए आभूषणों की कीमत करीब पांच लाख रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

## पुलिस का होटलों, धर्मशालाओं, स्टेशन, बस स्टैंड व बाजारों में अभियान

# दिल्ली ब्लास्ट के बाद जिले के चप्पे चप्पे पर पुलिस की नजर

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए





**यमुनानगर।** सड़कों पर वाहनों की जांच करते हुए व होटलों में रजिस्टरों की जांच करते हुए पुलिस। *फोटो : हरिभूमि*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर**

दिल्ली में गत सोमवार को हुए बम बलास्ट की घटना को लेकर जिला पुलिस प्रशासन बीती रात से ही अलर्ट मोड़ पर है। मंगलवार को भी जिला पुलिस ने होटलों, सराय, धर्मशालाओं, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, भीड़ भरे बाजारों और अन्य स्थानों पर चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान जिले भर में नाकाबांदी करके वाहनों की जांच की गई और दिन भर गश्त की गई। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने चैकिंग अभियान में लगे पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को अलर्ट रहने के लिए दिशा निर्देश दिए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में हुए बम बलास्ट घटना की जैसे ही सूचना मिली जिले भर में पुलिस अलर्ट मोड़ पर आ गई। रात भर पुलिस ने सड़कों व पुलिस नाकों पर वाहनों की जांच की। इसके अलावा गत सोमवार रात और मंगलवार को दिन भर जिले में स्थित भीड़ भरे बाजारों व स्थानों, होटलों, धर्मशालाओं, सराय, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व अन्य स्थानों पर जांच जारी रखी। इस दौरान होटलों में रजिस्टरों की जांच कर वहां ठहरने वालों के बारे में जांच की गई।

### संदिग्ध व्यक्तियों व सामान पर रखें कड़ी नजर

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने अपने क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहन और वस्तुओं की गहन जांच करें। इसके तहत देर रात तक शहर के प्रमुख होटल, गेस्ट हाउस, सराय और किराये के मकानों में तस्दीकी अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने होटल रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। ठहरे हुए व्यक्तियों की पहचान सत्यापित की और संदिग्ध दिखने वाले व्यक्तियों से पूछताछ भी की। इसके अलावा पुलिस ने बाजारों, मंदिरों, मस्जिदों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन जैसे सार्वजनिक स्थलों पर भी सघन गश्त और जांच की। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि दिल्ली में हुई घटना को देखते हुए किसी भी स्थिति से निपटने के लिए यमुनानगर पुलिस पूरी तरह तैयार है। उन्होंने लोगों से किसी भी व्यक्ति को संदिग्ध गतिविधि या वस्तु दिखाई देने पर तुरंत 100 नंबर या निकटतम पुलिस थाने में सूचना देने के लिए अनुरोध किया।

**सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा**

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बीती रात और मंगलवार को स्वयं कई इलाकों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए और चेतावनी दी कि चैकिंग अभियान में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# नारी नेतृत्व राष्ट्र निर्माण में बन चुका अनिवार्य ताकत



**यमुनानगर।** आत्म निर्भर भारत अभियान के तहत आयोजित महिला सम्मेलन का दीप प्रज्जवलित करके शुभारंभ करते हुए राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा।

- भाजपा महिला मोर्चा की ओर से पार्टी कार्यालय में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत महिला सम्मेलन का किया आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर**

भाजपा महिला मोर्चा द्वारा पार्टी के जिला कार्यालय में जिलास्तरीय आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में जिला भर से भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान मुख्यातिथि के रुप में भाजपा की राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता महिला अत्मनिर्भर अभियान की प्रदेश सहसंयोजक प्रीति जौहर ने की। मुख्यातिथि एवं राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि भारत आज उस दिशा में आगे बढ़ रहा है जहां नारी नेतृत्व केवल एक विकल्प नहीं है। बल्कि यह राष्ट्र निर्माण की अनिवार्य ताकत बन चुका है। मोदी के नेतृत्व ने महिलाओं को अवसर, सम्मान और नेतृत्व तीनों की नई परिभाषा दी है। आज ग्रामीण हो या शहरी भारत में हर जगह महिलाएं नई उड़ान भर रही हैं। लखपति दीदी मिशन ने गांव की महिलाओं को आर्थिक शक्ति दी है। मुद्रा व स्टार्टअप योजनाओं ने उन्हें अपना व्यवसाय शुरू करने का साहस दिया है।

हम विदेशी उत्पादों पर निर्भरता कम करें और स्वदेशी वस्तुओं को देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती दें। प्रीति जौहर ने कहा कि मोदी की पहल पर हर घर में शौचालय निर्माण होने से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की शुरुआत हुई।

**यह रहे मौजूद**

इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री नरेंद्र राणा,जिला महामंत्री प्रवीण खदरी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष निश्चल चौधरी, पूर्व चेयरपर्सन रोजी मलिक आंनद, पूनम अग्रवाल, सुनीता शर्मा, मनीषा अग्रवाल, दीक्षा बराड़, कामना राणा व मनोरमा चौधरी आदि मौजूद रहे।

# लव्यम ने जीती डांस प्रतियोगिता, सभी ने बढ़ाया हौसला


- रोटरी क्लब व इनर व्हील क्लब ने मुकंद लाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित की विभिन्न प्रतियोगिताएं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर**



**यमुनानगर।** के मुकंदलाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में रोटरी क्लब द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेता बने बच्चे पुरस्कार प्राप्त कर खुशी जताते हुए।

अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब व इनरव्हील क्लब के संयुक्त तत्वावधान में बाल दिवस के उपलक्ष में मुकंदलाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल रादौर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल हरनौल की एमडी शरणप्रीत कौर ने बतौर मुख्यातिथि रिबन काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटरी क्लब वूमैन की प्रधान पूजा माटिया व इनरव्हील क्लब की प्रधान लक्ष्मी चोपड़ा ने की। रोटरी क्लब वूमैन की प्रधान पूजा माटिया ने बताया कि कक्षा तीन व चार की डांस प्रतियोगिता में लव्यम ने प्रथम, हेजल ने द्वितीय व कृतका और इश्मिता माटिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, कक्षा 5 व 6 की बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में वत्सल प्रथम, दैविक ने द्वितीय, सिमरन व दिव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा 7वीं व 8वीं की आयोजित आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता में दृष्टि व प्रथम ने पहला, उर्वी व हिमानी ने दूसरा और तनवी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौवीं व दसवीं की फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता में दीशि प्रथम, मन्नत द्वितीय व चैतन्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



**मंच संचालन दीपा चोपड़ा ने किया**

कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका प्रिंसिपल पूजा कालडा व पुष्पा मक्कड़ ने निभाई। मंच संचालन दीपा चोपड़ा ने किया। मौके पर मुख्यातिथि शरणप्रीत कौर बराड़ ने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। कार्यक्रम में बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी है। हमें बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। जिससे उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिले। मंच पर प्रस्तुति देने से बच्चों को हौसला व मनोबल बढ़ता है। जिससे वे जीवन में कामयाबी हासिल कर सकते हैं। मौके पर विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान आयोजकों ने मुख्यातिथि शरणप्रीत कौर बराड को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अंजू नायर, साक्षी, वीना चोपड़ा, बेअंत कौर, नीलम मेहता, रजविंदर कौर व मीनाक्षी कांबोज आदि मौजूद रही।

# ठगों ने मोबाइल हैक कर खाते से 66 हजार रुपये निकले

- पुलिस में अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर**

साइबर ठगों ने शहर की शास्त्री कॉलोनी छोटा मॉडल टाउन निवासी बृजमोहन का मोबाइल हैक कर उसके अकाउंट से 66 हजार रुपये निकाल लिए। जब उसके मोबाइल पर अकाउंट से पैसे निकलने का मैसेज आया तो उसके मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शास्त्री कॉलोनी छोटा मॉडल टाउन निवासी बृजमोहन ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आठ नवंबर को उसके मोबाइल पर एक मैसेज आया। जब उसने मैसेज पर क्लिक किया तो उसका मोबाइल हैक हो गया। उसके मोबाइल बंद हो गया। काफी देर बाद जब उसका मोबाइल फिर से ऑन हुआ तो उसके अकाउंट से पैसे निकालने का मैसेज आया। जांच करने पर उसके अकाउंट से 66 हजार रुपये निकाल लिए गए थे। उसने इसकी शिकायत तुरंत साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# मशीन लर्निंग आज आईओटी क्षेत्र में ला रही है बड़ा बदलाव : डा. सौरभ

- जेएमआईटी इंजीनियरिंग कालेज रादौर में व्यख्यान का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर**



यमुनानगर। जेएमआइटी इंजी कॉलेज में लेक्चर में संबोधित करते मुख्यवक्ता।

जेएमआइटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में मंगलवार को मशीन लर्निंग एंड इट्स विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में मार्टनीर टेक्नोलॉजीज मोहाली के निदेशक डा. सौरभ कुमार ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता डा. सौरभ कुमार ने बताया कि मशीन लर्निंग आज आईओटी की दुनिया में तेजी से बदलाव ला रही है । जैसे स्मार्ट सिटीज, हेल्थकेयर और ऑटोमेशन के क्षेत्र में छात्रों को इस सत्र से रियल.वर्ल्ड एग्जाम्पल्स, प्रोजेक्ट आइडियाज, इंडस्ट्री ट्रेंड्स की जानकारी मिली। जिससे उनके डेटा एनालिटिक्स, प्रॉब्लम. सॉल्विंग, इनोवेशन स्किल्स में निखार आया। कॉलेज के निदेशक डा. एसके गर्ग ने कहा कि ऐसे लेक्चर विद्यार्थियों को इंडस्ट्री एक्सपोजर और रिसर्च ओरिएंटेशन दोनों प्रदान करते है। इस मौके पर डा. गौरव शर्मा, एचओडी एवं सीएसई, डा. विकास जुनेजा, डा. सविता शर्मा कपिल आदि मौजूद थे।

# युवक ने इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बनाकर युवती की फोटो की वायरल

**यमुनानगर।** युवक ने इंस्टाग्राम पर युवती की फेक आईडी बनाकर उसकी फोटो वायरल कर दी। इसके बाद युवती की फोटो पर अभद्र टिप्पणी भी की गई। जिससे युवती की छवि धूमिल हुई है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार छछरौली थाना छप्पर के एक गांव निवासी 21 वर्षीय युवती ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने इंस्टाग्राम पर अपनी आईडी बनाई हुई है। इस दौरान एक युवक ने उसके नाम से फेक आईडी बनाकर उसकी फोटो इंस्टाग्राम पर वायरल कर दी। उसकी फोटो पर अभद्र टिप्पणी भी की गई।



इससे समाज में उसकी छवि धूमिल हुई है। जब उसने अपने स्तर पर जांच की तो पता चला कि यह आईडी देव नाम के युवक ने बनाई थी। उसने आरोपी से संपर्क किया तो उसने उसके साथ गाली गलौच की। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# भाजपा सरकार में बेरोजगारों को नहीं मिल रहे रोजगार: ढिल्लों

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर**

- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने सरकार पर लगाया आरोप



कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर बेरोजगारों को रोजगार मुहैया नहीं करवाए जाने का आरोप लगाया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जय सिंह ढिल्लों ने सरकार से बेरोजगारों को एचकेआरएन में जल्द रोजगार दिए जाने की मांग की है।

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जय सिंह ढिल्लो धौलरा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं को रोजगार के सपने दिखाकर उनको ठगने का काम किया है। वहीं एचकेआरएन में लगे लगभग एक लाख 20 हजार कर्मचारी प्रदेश सरकार के वादे के अनुसार पक्का होने की बांट जोह रहे है। कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर बेरोजगारों को रोजगार मुहैया नहीं करवाए जाने का आरोप लगाया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जय सिंह ढिल्लों ने सरकार से बेरोजगारों को एचकेआरएन में जल्द रोजगार दिए जाने की मांग की है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जय सिंह ढिल्लो धौलरा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं को रोजगार के सपने दिखाकर उनको ठगने का काम किया है।

वहीं एचकेआरएन में लगे लगभग एक लाख 20 हजार कर्मचारी प्रदेश सरकार के वादे के अनुसार पक्का होने की बांट जोह रहे है।

### एंटी नारकोटिक टीम ने हेरोइन के साथ पकड़ा

**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गांव भूलखेड़ी के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एंटी नारकोटिक सेल की टीम में तैनात एएसआई कुलदीप सिंह ने बताया कि वह सोमवार शाम को टीम के साथ छछरौली क्षेत्र में गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि गांव भूलखेड़ी के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। सूचना पर टीम ने वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 20 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

## निगम मेयर सुमन बहमनी ने किया उद्घाटन व शिलान्यास

# टिवन सिटी में अभूतपूर्व गति से किए जा रहे विकास कार्य

**शहर में 41.91 लाख रुपये की लागत से तैयार किए जाएंगे**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर**



यमुनानर में विकास कार्यों का शिलान्यास करती मेयर सुमन बहमनी।

नगर निगम यमुनानगर की मेयर सुमन बहमनी ने मंगलवार को शहर में 41.91 लाख रुपये की लागत से तैयार होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। मौके पर उन्होंने नारियल फोड़कर विकास कार्यों के निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता से पूर्ण सामग्री का प्रयोग किए जाने के निर्देश दिए। मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि शहर के समग्र विकास को लेकर ट्रिपल इंजन सरकार पूरी तरह से दृढ़ संकल्पित है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के कोने.कोने में विकास कार्य अभूतपूर्व गति से हो रहे हैं। प्रधानमंत्री की दूरदर्शी नीतियों और योजनाओं का लाभ सीधे शहरों और गांवों तक पहुंच रहा है। प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में सड़क निर्माणए बिजली-पानी की आपूर्ति और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने जैसे कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। वहीं नगर निगम स्तर पर शहर के सौंदर्यीकरण, स्वच्छता, सीवरेज व्यवस्था, जल निकासी और पार्कों के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। ट्रिपल इंजन सरकार के प्रयासों से यमुनानगर तेजी से विकास की राह पर है। अब जरूरत है कि नागरिक भी अपनी जिम्मेदारी समझें और शहर को स्वच्छए सुंदर एवं विकसित बनाने में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि हर वार्ड में नगर निगम द्वारा बिना भेदभाव विकास कार्य किए जा रहे है।

**ये रहे मौजूद**

मौके पर पार्षद विक्रम राणा, पार्षद संतोष रानी, राहुल कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम राणा, मंडल अध्यक्ष मनोज धीमान, अजय वर्मा, राम नारायण, ममता सेन आदि मौजूद रहें।

# गलियों और सड़कों पर कूड़ा फेंकने वालों से रादौरवासी हो रहे परेशान

- लोगों ने जिला प्रशासन से खुले में कूड़ा डालने वालों पर की कार्रवाई की मांग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर**



**यमुनानगर।** रादौर में कॉलेज रोड पर फैली गंदगी।

रादौर में कुछ लोगों द्वारा कूड़ा कर्कट गलियों व सड़कों पर डालने से लोग परेशान है। नागरिकों ने नगर पालिका, प्रशासन व जिला प्रशासन से गलियों और सड़कों पर खुले में कूड़ा डालने वालों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कास्ब निवासी रोहित, राजेशए, अभिषेक, अभिनव, अमित आदि ने बताया कि नगरपालिका के कर्मचारी कितनी भी सफाई करवा ले। परंतु जब तक कुड़ा डालने वाले जूस कार्नर, इलेक्ट्रोनिक सामान बेचने वाले दुकानदारों पर लगाम नहीं लगाई जाती। तब तक शहर को साफ रखना नामुमकिन है। उन्होंने बताया कि कई बार तो सुबह के समय वृद्ध सरदार को गीता कॉलोनी से कॉलेज रोड पर कचरा डालने जाते हुए देखा गया। लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर वृद्ध व्यक्ति या तो भाग जाता है, या लडने लगता है। लोगों ने उसे ऐसा न करने के लिए कहा गया। वह नही माना। नगरपालिका ऐसे लोगों की पहचान कर उन पर भारी भरकम जुर्माना लगाए। वहीं स्थानीय लोगों ने सफाई कर्मचारियों को बढ़ाए जाने की मांग की। जिससे शहर की सुंदरता बरकरार रह सके।

**कार्रवाई की जाएगी**

जब इस बारे में नपा सफाई निरीक्षक सुमित बैंस ने बताया कि गंदगी फैलाने वाले लोगों की पहचान कर उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### स्वदेशी अभियान के पहलुओं पर की चर्चा

**पिहोवा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर स्वदेशी अभियान के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान-2025 को गति देने के लिए आज भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमति मनीषा सिंह और महिला मोर्चा की कार्यकारी जिलाध्यक्ष श्रीमति वंदना गौरी ने पिहोवा का दौरा किया।इस अवसर पर उन्होंने भाजपा की वरिष्ठ नेत्री एवं जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य गीता शर्मा के निवास स्थान पर पहुंचकर स्वदेशी अभियान के सकारात्मक पहलुओं पर सार्थक चर्चा की।

### आयुष विवि में 14 नवंबर को स्वास्थ्य जांच शिविर

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेदिक अस्पताल में आगामी 14 नवंबर को विश्व मधुमेह दिवस पर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजा सिंगला ने बताया कि कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले शिविर का उद्देश्य आमजन में मधुमेह रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

### बीआर स्कूल में शिक्षक कार्यशाला का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** बी.आर. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में सी.बी.एस.ई. द्वारा निर्देशित कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत अध्यापक वर्ग के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय रहा- जैंडर सैंसिटीविटी। कार्यशाला में करनाल, अंबाला, असंध एवं शहजादपु से भी अनेक अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में रिसॉर्स पर्सन के रूप में अकाल अकेडमी की प्राचार्या श्रीमती गुरप्रीत कौर तथा श्रीमती मंजु सहगल, पी.जी.टी. कैमिटस्ट्री उपस्थित रही। कार्यशाला में दोनों रिसार्स पर्सन ने जैंडर सैंसिटीविटी विषय पर बहुत विस्तार एवं प्रभावशाली ढंग से प्रकाश डाला।

### नवयुग स्कूल के बच्चों की पिकनिक



**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में कक्षा षष्ठम के विद्यार्थियों के लिए पिकनिक का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों न श्रीगीता ज्ञान संस्थानम, तिरुपति बालाजी मंदिर एवं ब्रह्मसरोवर सस्थित पुरुषोत्तम पूरा बाग कांस्य रथ के दर्शन किए एवं वहां के इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की तथा सहभोज का आनंद लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा ने बताया कि इस पिकनिक का उद्देश्य बच्चों के मनोरंजन के साथ उन्हें इन स्थानों के इतिहास से परिचित करवाया है।

## मुख्यमंत्री नायब सैनी 14 को ब्रह्मसरोवर से हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना

# गीता महोत्सव के आगाज पर पहले शहर में निकाली जाएगी गीता सद्भावना यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 के कार्यक्रमों का आगाज जहां 15 नवंबर से होगा, वहीं इस महोत्सव के आगाज से पहले 14 नवंबर को शहर की संस्थाओं की तरफ से पहली बार गीता सद्भावना यात्रा निकाली जाएगी। अहम पहलू यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 14 नवंबर को सायं के समय ब्रह्मसरोवर के उत्तरी द्वार से गीता सद्भावना यात्रा को हरी झंडी देकर रवाना करेंगे। खास बात यह है गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के मार्गदर्शन में गीता सद्भावना यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि गीता सद्भावना यात्रा में पवित्र ग्रंथ गीता की पालकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसके अलावा भव्य रथ के साथ-साथ अन्य विषय भी गीता सद्भावना यात्रा की शोभा बढ़ाने का काम करेंगे। यह गीता सद्भावना यात्रा ब्रह्मसरोवर के उत्तरी द्वार से शुरू होकर गीता स्थली ज्योतिसर, पिपली, सेक्टर-5, सेक्टर-7, सेक्टर-13 से होते हुए ब्रह्मसरोवर पर संपन्न होगी। उन्होंने कहा कि सभी संस्थाओं में गीता सद्भावना यात्रा को लेकर पूरा जोश और जज्बा है। सभी के साझे प्रयासों से गीता सद्भावना यात्रा अपनी अनूठी छाप छोड़ेगी।




कुरुक्षेत्र। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव (लोगो)।

### पिहोवा, शाहाबाद व लाडवा में भी होंगे कार्यक्रम

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि ब्रह्मसरोवर पर अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही उपमंडल पिहोवा, शाहाबाद व लाडवा में भी गीता जयंती के जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में श्रीमद् भगवद गीता पर सेमीनार, प्रतियोगिता, प्रदर्शनी व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके साथ ही क्राफ्ट दुकाने व खाद्य सामग्री के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि 29 नवम्बर को विद्यार्थियों के बीच रंगोली, क्राफ्ट, स्कैच, श्लोक उच्चारण, गीता प्रस्ताव और सांस्कृतिक प्रोग्राम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही क्राफ्ट मेला, गीता पर आधारित प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 30 नवम्बर को श्रीमद् भगवद कथा का आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही गीता यज्ञ, गीता सद्भावना यात्रा, गीता आरती का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 1 नवम्बर को ग्लोबल गीता पर चर्चा, गीता आरती और दीप दान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि गीता महोत्सव की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों की जिम्मेदारी तय की गई है। जिसे तय समय पर पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गीता जयंती महोत्सव को मनाने की शुरूआत कुरुक्षेत्र से की गई थी। प्रदेशभर के सभी जिलों में गीता जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र जिला के उप मंडलों पर भी जिला स्तरीय महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इन आयोजनों को लेकर तीनों उप मंडलों में तैयारियों को शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ-साथ सामाजिक संस्थाओं और आमजन को जोड़ा जाएगा। कोई भी कार्यक्रम सामाजिक सहयोग के बिना संभव नहीं है। इसलिए गीता जयंती समारोह को सफल बनाने में सभी अपना सहयोग दें।



जानकारी देते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

### सरस और शिल्प मेले का शुभारंभ करेंगे राज्यपाल

कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने बातचीत करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 का सरस और शिल्प मेला 15 नवंबर को शुरू होने जा रहा है। इस महोत्सव के मेले का शुभारंभ परंपरा अनुसार राज्यपाल प्रो. असीम घोष करेंगे। इस महोत्सव के आगाज से पहले 14 नवंबर को शहर में पहली बार समाजसेवी और धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से गीता सद्भावना यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस गीता सद्भावना यात्रा का आयोजन गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के आशीर्वाद से किया जाएगा।

## दिल्ली में हुए बम ब्लास्ट की घटना के बाद हरियाणा राज्य में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

# कुरुक्षेत्र पुलिस अलर्ट मोड़ पर विभिन्न जगहों पर की चैकिंग



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

दिल्ली में हुए बम ब्लास्ट की घटना के बाद हरियाणा राज्य में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर। कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा बस अड्डों, रेलवे स्टेशन, धार्मिक स्थलों पर लगातार चैंकिंग की जा रही है। जानकारी देते हुए डीएसपी मुख्यालय सुनील कुमार ने बताया कि कुरुक्षेत्र पुलिस ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हाई अलर्ट जारी कर दिया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के दिशा-निर्देश पर जिलेभर में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशन, धार्मिक स्थलों और होटलों में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

### संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं की जांच के आदेश

उप पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहन और वस्तुओं की गहन जांच करें। इसके तहत देर रात तक शहर के प्रमुख होटल, गेस्ट हाउस, सराय और किराये के मकानों में तस्दीक अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने होटल रिकॉर्ड की जांच की, ठहरे हुए व्यक्तियों की पहचान सत्यापित की और संदिग्ध दिखने वाले व्यक्तियों से पूछताछ भी की। उप पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को संदिग्ध गतिविधि या वस्तु दिखाई देने पर तुरंत दया-112 पर या निकटतम पुलिस थाने में सूचना देनी चाहिए।

# गीता जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम 14 से

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

मातृभूमि सेवा मिशन धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र द्वारा अंतराष्ट्रीय श्रीमद्भगवदगीता जयंती समारोह 2025 के उपलक्ष्य में अठारह दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन आगामी 14 नवम्बर 2025 से 01 दिसम्बर 2025 तक निश्चित है। मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा आयोजित अठारह दिवसीय कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ 14 नवम्बर 2025 को श्रीमद्भगवदगीता जन्मस्थली ज्योतिसर से अठारह दिवसीय लोकमंगल महायज्ञ से सनातन वैदिक परम्परा से होगा। यह जानकारी देते हुए मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा विगत 23 वर्ष से मातृभूमि सेवा मिशन गीता के प्रचार प्रसार के लिए समर्पित है एवं प्रत्येक वर्ष गीता जयंती पर कार्यक्रम संपन्न होते है।

### कार्यक्रमों की रुपरेखा

अंतराष्ट्रीय श्रीमद्भगवदगीता जयंती समारोह-2025 के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा विभिन्न विधाओं में श्रीमद्भगवदगीता के मूल्यों एवं शिक्षाओ को समर्पित अनेक कार्यक्रम संपन्न होगें। 15 नवम्बर से 18 नवम्बर 2025 तक हरियाणा प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में युवा गीता संवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा। 19 नवम्बर से 22 नवम्बर तक विभिन्न स्कूलों में बाल गीता संवाद का कार्यक्रम होगा। 16 नवम्बर 2025 को श्रीमद्भगवदगीता में निराकार ब्रम्हा एवं निर्गुण भक्ति विषय पर एक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन मातृभूमि सेवा मिशन आश्रम परिसर में होगा। 24 नवम्बर को गीता के विभिन्न विषयों पर संभाषण, गीता श्लोकोच्चारण, रंगोली, चित्रकला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के निमित्त अन्तर्विद्यालयी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 25 नवम्बर को सामूहिक गीता पाठ का आयोजन होगा। 26 से 30 नवम्बर 2025 तक विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, आध्यात्मिक एवं शैक्षणिक संस्थाओ में गीता संवाद, गीता परिचर्चा, गीता विचार गोष्ठी एवं गीता चिंतन कार्यक्रम का आयोजन होगा।



डा. श्रीप्रकाश मिश्र।

### आयुष्मान भारत योजना 17 से लगेंगे निशुल्क सर्जरीकल शिविर

**कुरुक्षेत्र।** स्वास्थ्य विभाग कुरुक्षेत्र के सिविल सर्जन डॉ. सुखबीर सिंह ने कहा कि अब आयुष्मान भारत के तहत लाभार्थी को सरकारी अस्पतालों में भी सर्जरीकल का निशुल्क लाभ दिया जाएगा। इस योजना का लाभ उठाने में लाभार्थियों को कठिनाई नहीं होगी। अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभ देने के लिए 17 नवम्बर से 22 नवम्बर 2025 तक लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल कुरुक्षेत्र में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान लाभार्थियों के लिए कुछ सर्जरीकल पैकेज सरकारी अस्पताल में शुरू किए हैं। हरियाणा सरकार द्वारा अब सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क करवाया जाएगा।

# आस्था की प्रतीक है कलश यात्राः पाठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिहोवा

■ श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर निकाली भव्य कलश यात्रा

मॉडल टाउन स्थित पार्क के नजदीक सुरेश बंसल, राकेश बंसल, राजेश बंसल परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरूआत श्री खाटू श्याम मंदिर, गली नंबर दो से आरंभ होकर गंतव्य तक पहुंची। अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का भव्य अभिवादन किया। पारंपरिक वेशभूषा में सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर यात्रा में भाग लिया। मंगल गीतों और भजन की धुनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा का समापन कथा स्थल पर हुआ, जहां कलशों को विधिवत मंत्रोच्चार के बीच मंच पर स्थापित किया गया। वृंदावन से आए कथावाचक पंडित शिवम विष्णु पाठक ने कहा कि कलश यात्रा आस्था और संस्कारों का प्रतीक है, जो समाज में शांति, सद्भावना और भक्ति का संदेश ही नही देती है बल्कि हम सबको मन, वचन और कर्म से पवित्र रहने के लिए भी प्रेरित करती है। इस अवसर पर सुरेश बंसल परिवार के सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि भागवत कथा का उद्देश्य जीवन में धर्म, प्रेम और सदाचार के मूल्यों को अपनाना है। इस मौके पर सुरेंद्र बंसल, बलदेव गर्ग, अनिल बंसल, जसवंत सेंतिया, सतपाल, हिमांशु बंसल, आयुष बंसल, प्रियांशु बंसल, टोमी बंसल, सहित अनेकों श्रद्धालु उपस्थित रहे।



पिहोवा। व्यास पीठ पर आसीन पंडित शिवम विष्णु को शाल ओढ़ाकर सम्मानित करता बंसल परिवार।

## देश के धार्मिक व पर्यटन स्थलों पर पहुंचेंगे गीता महोत्सव के यादगार पल : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि देश के जाने माने धार्मिक और पर्यटन स्थल पर कुरुक्षेत्र में होने वाले अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 के यादगार लम्हों को देख पाएंगे। इसके लिए प्रदेश सरकार के आदेशानुसार सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की तरफ से इस व्यवस्था के लिए तमाम प्रबंध किए जाएंगे। खास बात यह है कि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित विशेष प्रचार वाहन उज्जैन, अयोध्या, प्रयागराज, मथुरा, वृंदावन जैसे तीर्थों पर पहुंचेगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी प्रयासों से अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 को और भव्य बनाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### सीएम सैनी तैयारियों का ले रहे फिडबैक

इस महोत्सव को आमजन का महोत्सव बनाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की तरफ से प्रयास किए जा रहे हैं और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव की तैयारियों को लेकर फीडबैक भी ले रहे हैं। सरकार और प्रशासन का प्रयास है कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव को देश विदेश के हर व्यक्ति के पास पहुंचाया जाए और कुरुक्षेत्र में होने वाले तमाम कार्यक्रमों को हर कोने में देखा जा सके। इसके लिए जहां मुख्यमंत्री के आदेशानुसार सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की तरफ से यूट्यूब चैनल को भी शुरू किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि सूचना जनसंपर्क विभाग की तरफ से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। यह राज्यस्तरीय प्रदर्शनी 24 नवंबर से 1 दिसम्बर तक चलेगी।

### बाल भवन स्कूल में हुई प्रतियोगिताएं

**कुरुक्षेत्र।** जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित बाल भवन स्कूल में क्ले मॉडलिंग एवं हिन्दी लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन विभिन्न कक्षाओं के मध्य किया गया। कक्षा नर्सरी, एल. केजी, यू.केजी व प्रथम के बीच हिन्दी लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका परिणाम इस प्रकार है कक्षा नर्सरी में भार्गव प्रथम, भूमेश द्वितीय तथा मुकुंद राणा तृतीय स्थान पर रहे। एलकेजी में प्रथम स्थान पर रियांश, दूसरे पर आदित्य और तीसरे पर पी. सेतुपती रहे। कक्षा यूकेजी, में रौनक पहले, तनवी दूसरे और हरसील तीसरे पर रहे। इसी क्रम में कक्षा प्रथम में सचिन प्रथम, देविका द्वितीय और कपिल तीसरे स्थान पर रहे। इसी कड़ी में क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता कक्षा दूसरी से पाँचवी के मध्य रही जिसका परिणाम इस प्रकार हैः कक्षा दूसरी में प्रीतीका प्रथम, अदित्य दूसरे व पार्थ तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा तीसरी का परिणाम इसप्रकार है- वैष्णवी प्रथम, वेदांशी द्वितीय व रेवांत तृतीय स्थान पर रहे।

# रोटरी क्लब ने 234 विद्यार्थियों को बांटे स्वेटर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| शाहबाद

रोटरी क्लब द्वारा श्रीगुरु नानक प्रीतम गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब द्वारा 15 राजकीय एवं अराजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को 234 स्वेटर वितरित किए गए, ताकि जरूरतमंद बच्चों को ठंड से बचाव मिल सके। कार्यक्रम का शुभारंभ रोटरी सचिव विक्रम गुप्ता ने करते हुए मुख्य अतिथि समाजसेवी श्रीमती गोल्डी औजला तथा आए हुए सभी लोगों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि रोटरी क्लब सदैव समाज की भलाई के लिए ऐसे सेवा प्रोजेक्ट करता है, जिससे जरूरतमंदों को सहायता मिल सके। इस अवसर पर रोटरी प्रधान डॉ. आर. एस. घुम्मन ने कहा कि रोटरी क्लब सदैव शिक्षा और समाज के उत्थान के लिए कार्य करता रहेगा।



### बच्चों के चहरों पर मुस्कान लाना ही सेवा

मुख्य अतिथि श्रीमती गोल्डी औजला की पुत्रवधू नवनीत कौर औजला ने रोटरी क्लब के इस समाजसेवी प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना ही सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक संदेश फैलाते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपांश कौर कोहली ने रोटरी क्लब का धन्यवाद करते हुए कहा कि रोटरी क्लब हमेशा समाज की भलाई में अग्रणी रहा है, और बच्चों के लिए यह सहयोग अत्यंत सराहनीय है। कार्यक्रम के समापन पर प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन डॉ. एस. एस. आहूजा ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी अतिथियों एवं एस. जी. एन. पी. विद्यालय का आभार व्यक्त किया। उइस अवसर पर राज कुमार गर्ग, सुरेश गोगिया, परवीन ठकराल, वीरेंद्र ठकराल, महेश गोयल, अंशुमन बंसल, अंशुल बंसल, एस. सी. सिंगला, एस. एस. खुराना, दीपक कक्कड़, इनरव्हील क्लब प्रधान रेनू वाधवा, रानी वाधवा, सविता गुप्ता, मधु मोडगिल, हरप्रीत कौर, तथा विद्यालय स्टाफ से सरवजीत कौर, प्रिया सुदामा दास, सरबजीत कौर, गुरचरण सिंह, गरिमा, पायल, रूपिंदर कौर आदि उपस्थित रहे।

### धान व बाजरा खरीदी की हाईकोर्ट के सिटिंग जज से जांच करवाई जाएः गर्ग

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाण कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने किसान व व्यापरियों से बातचीत करने के उपरांत कहा कि सरकारी धान खरीद में किसानों को एमएसपी 2389 रुपए से जो कम पैसे मिले हैं उनकी भरपाई की जाएं। बाजरा खरीद में भी एमएसपी से कम दाम 1000 से 1200 रुपए किसानों को मिले है उसकी भी भरपाई सरकार को करनी चाहिए। धान में नमी के नाम पर किसानों को 200 से 700 रुपए कम दिए हैं जो धान खरीद में सीधे तौर पर करोड़ों रुपए का घोटाला है। सरकार को धान व बाजरा खरीद की हाईकोर्ट के सिटिंग जज से जांच करवा कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।





### श्रृंगेरी पीठ शंकराचार्य जगद्गुरु श्रीश्री विधुशेखर भारती महास्वामी ने किए माँ भद्रकाली के दर्शन

**कुरुक्षेत्र।** पावन भूमि कुरुक्षेत्र स्थित माँ भद्रकाली शक्तिपीठ में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब श्रृंगेरी शारदा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य श्रीश्री विधुशेखर भारती महास्वामी जी माँ भद्रकाली जी का आशीर्वाद लेने पहुंचे। सर्वप्रथम पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा की अगुवाई में टीम शक्तिपीठ द्वारा गुलाब के फूलों से उनका विशेष स्वागत पूजन किया गया। इसके बाद पूज्य शंकराचार्य ने अपने शिष्यों सहित पावन- पवित्र शक्तिस्थल श्रीदेवीकूप पर माँ की विधिवत पूजा की व माथा टेका। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने माँ की लाल शक्ति चुनरी व पुष्पमाला से जगद्गुरु शंकराचार्य जी का भव्य स्वागत - सत्कार किया व उनसे आशीर्वाद लिया। उन्होंने पूजनीय शंकराचार्य को माँ का प्रसाद व चित्र देकर उनके सेवा भावी, यशस्वी, धर्मरक्षणमय जीवन की, उनके द्वारा हिन्दू धर्म जागरण की, सनातन गौरव की मंगल कामना की। शंकराचार्य ने मंदिर में अक्षय वटवृक्ष की परिक्रमा की व हवन कुंड में पूर्णाहुति की। उनके साथ मुख्य सूचना आयुक्त टीवीएसएन प्रसाद व टीके शर्मा आईएसएएस भी मंदिर आए थे। पूजनीय शंकराचार्य , पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा जी की आसन-गुरु गद्दी पर भी विराजित होकर उसकी शोभा बढ़ाई। उन्होंने कहा कि प्राचीन मंदिरों में मौजूद गुरुगद्दी आध्यात्मिकता का द्वार है और हमारी सनातन परंपरा का प्रतिनिधित्व करती है।

## खेल | पहले दिन हरियाणा, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र ने दर्ज की शानदार जीत

दूसरे दिन हरियाणा-तेलंगाना मुकाबला बराबरी पर, तमिलनाडु और कर्नाटक का विजयी प्रदर्शन जारी

# कुरुक्षेत्र में 36वीं अखिल भारतीय डाक कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

रियाणा डाक परिमंडल द्वारा आयोजित 36वें अखिल भारतीय डाक कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। बहु उद्देशीय हॉल, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र में आयोजित इस टूनार्मेंट में विभिन्न डाक परिमंडलों की 11 टीमें भाग ले रही है, जिनमें कुल 147 खिलाड़ी व सपोर्टिंग स्टाफ शामिल है। टूनार्मेंट के पहले दिन कुल पांच मैच खेले गए, जिनके परिणाम इस प्रकार है। हरियाणा बनाम पंजाब मैच में हरियाणा 47-10 से विजयी रहा। कर्नाटक बनाम गुजरात मैच में कर्नाटक 34-06 से विजयी रहा। तमिलनाडु बनाम पश्चिम बंगाल मैच में तमिलनाडु 37-27 से विजयी रहा। आंध्र प्रदेश बनाम दिल्ली मैच में आंध्र प्रदेश 41-27 से विजयी रहा। महाराष्ट्र बनाम केरल मैच में महाराष्ट्र 28-08 से विजयी रहा। वही दूसरे दिन मंगलवार को खेले गए मैचों में हरियाणा बनाम तेलंगाना मैच 30-30 अंकों की बराबरी पर रहा। केरल बनाम पंजाब मैच में केरल 42-06 से विजयी रहा। गुजरात बनाम पश्चिम बंगाल मैच में पश्चिम बंगाल 32-20 से विजयी रहा। आंध्र प्रदेश बनाम तमिलनाडु मैच में तमिलनाडु 34-30 से विजयी रहा। कर्नाटक बनाम दिल्ली मैच में कर्नाटक 30-22 से विजयी रहा। इसके अलावा सभी 11 टीमें पाँच दिनों की अवधि में कुल 28 मैच खेलेंगी। टूनार्मेंट के सेमी-फाइनल मैच 13 नवंबर को व फाइनल मैच नवंबर को खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में बुधवार को 10 मैच खेले जाएंगे।



कुरुक्षेत्र। प्रतियोगिता में जोर आजमाईश करते खिलाड़ी।

### अंतर विद्यालय फुटबॉल स्पर्धा आयोजित



**कुरुक्षेत्र।** खेल मैदान में गीता निकेतन आवासीय विद्यालय एवं श्रीमद् भगवत गीता विद्यालय के मध्य अंतर-विद्यालय एकदिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अंडर-14,अंडर-17 एवं अंडर-19 तीन आयु वर्गों के मुकाबले आयोजित हुए।सभी मैच रोमांच,जोश और उत्कृष्ट खेल भावना से परिपूर्ण रहे। अंडर-14 वर्ग में गीता निकेतन आवासीय विद्यालय की टीम ने 2-1 से रोमांचक जीत दर्ज की। टीम के कप्तान यश मलिक ने अंतिम मिनट में निर्णायक गोल दागकर टीम को जीत दिलाई। अंडर-17 वर्ग में यह मुकाबला बेहद संघर्षपूर्ण रहा और 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। दोनों टीमों के गोलकीपरों ने शानदार बचाव कर दर्शकों की वाहवाही लूटी। अंडर-19 वर्ग में गीता निकेतन आवासीय विद्यालय की टीम ने 4-3 से शानदार जीत हासिल की।

## खबर संक्षेप

### तस्करी करने वालों की खैर नहीं

**अंबाला।** पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि नशे का कारोबार करने वाले व्यक्ति को नहीं बख्शा जाएगा। यदि किसी व्यक्ति को नशे की तस्करी में संलिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही होगी। उन्होंने बताया कि नशा युवा वर्ग को दीमक की तरह खा रहा है। युवा वर्ग अक्सर 16-30 वर्ष की आयु में नशे का शिकार होते हैं। नशे के चक्रव्यूह में फंस जाते है। बच्चे को जब तक घर से पैसे मिलते रहते हैं।

### व्याख्यान आयोजित किया गया

**अंबाला।** राजकीय पॉलिटेक्निक में उद्यमिता आत्मनिर्भर भारत विषय पर व्याख्यान करवाया गया। संस्थान के सेवानिवृत्त प्राचार्य संजीव महंत मुख्य वक्ता रहे। अंतिम वर्ष के छात्रों ने भविष्य में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भारतीय उत्पादों का उपयोग करने का संकल्प लिया। मेजर जगजीत सिंह टीपीओ और हितेश अग्रवाल एटीपीओ ने विशेषज्ञ व्याख्यान में भाग लिया। प्रधानाचार्य डॉ. अदीश बिंदल ने वोकल फॉर लोकल के बारे में जागरूकता बढ़ाने की बात कही।

### रोलर स्केटिंग में जॉली ने जीता गोल्ड

**अंबाला।** पंचकूला में 39वीं हरियाणा स्टेट रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस चैंपियनशिप में हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता 5 नवंबर से 8 नवंबर तक चली। जो हरियाणा रोलर स्केटिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित की गई थी। इसमें अंबाला से भी कई खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें दित्या जोली भी मौजूद रहीं। इसमें दित्या जोली ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

### माइग्रेशन इंफॉर्मेशन सेंटर का उद्घाटन

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा ने गत दिवस जिला एडीआर सेंटर में "जागरूक जाओ" कैम्पेन के तहत माइग्रेशन इंफॉर्मेशन एंड अवेयरनेस सेंटर का उद्घाटन किया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं डीएलएसए की सचिव डॉ. इरम हसन ने बताया कि यह केंद्र इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन जो कि संयुक्त राष्ट्र संस्थान का अंग है की सहायता से स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि यह पहल प्रवासी श्रमिकों और विद्यार्थियों को सुरक्षित प्रवासन प्रक्रिया, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराएगी।

### जमीन की सौदेबाजी कर राशि हड़पे पांच केस

**जींद।** गांव हरीगढ़ में जमीन की सौदेबाजी कर राशि हडपने तथा रजिस्टरी कराने से मना करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी तथा धमकी देने का मामला दर्ज किया है। रोहतक निवासी रोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव हरीगढ़ निवासी शमशेर परिवार ने उसके साथ 26 कनाल 19 मरने जमीन का सौदा किया था।

## वार्ड 15 और वार्ड 20 में लगभग 85 लाख रुपये की लागत से विकास कार्यों का शुभारंभ किया

# विकास की नई उड़ान , शहर व गांवों को मिली 5.50 करोड़ की सौगात

**पूर्व मंत्री के प्रतिनिधि ने सड़कों व नालियों की मरम्मत के साथ बुनियादी ढांचागत सुविधाओं से जुड़े कार्यों की नींव भी रखी**

*योजना के तहत नडियाली गांव से नकटपुर- बांहपुर गांव तक 16.5 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर ही नहीं बल्कि अब ग्रामीण इलाकों में भी विकास की बयार बह रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आशीर्वाद से पूर्व मंत्री असीम गोयल लगातार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभा रहे हैं। अब अंबाला शहर के वार्ड 15 और वार्ड 20 में लगभग 85 लाख रुपये की लागत से विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। ग्रामीण क्षेत्र के लिए भी बड़ी सौगात दी गई। अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों को करीब 5.50 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण परियोजनाएं मिली हैं। इसके तहत नडियाली गांव से नकटपुर- बांहपुर गांव तक 16.5 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। गांव खैरा में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रतिनिधि रितेश गोयल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। यहां ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में जनसुई मंडल अध्यक्ष की मौजूदगी में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता द्वारा नारियल फोड़कर सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत की गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रतिनिधि रितेश गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में और पूर्व मंत्री असीम गोयल के निरंतर प्रयासों से अंबाला शहर की प्रगति के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में विकास की गति को और तेज किया जाएगा, ताकि हर क्षेत्र में समान रूप से तरक्की हो सके।


अंबाला। पूर्व मंत्री के प्रतिनिधि का अभिनंदन करते ग्रामीण।

### असीम गोयल के प्रयासों से अंबाला में विकास कार्य को मिली नई दिशा

पूर्व मंत्री असीम गोयल के अथक प्रयासों से अंबाला शहर का विकास नए आयाम छू रहा है। शहर के वार्ड नंबर 15 और वार्ड नंबर 20 में करीब 85 लाख रुपये की लागत से शुरू होने वाले विकास कार्यों का शुभारंभ आज पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रतिनिधि रितेश गोयल ने किया। इस मौके पर स्थानीय पार्षदों, गणमान्य व्यक्तियों, समाजसेवियों और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में सड़कों के निर्माण, नालियों की मरम्मत और अन्य बुनियादी ढांचागत सुविधाओं से जुड़े कार्यों की नींव रखी गई। इस अवसर पर रितेश गोयल ने कहा कि पूर्व मंत्री असीम गोयल हमेशा से ही अंबाला शहर के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर के हर वार्ड में समान रूप से विकास कार्य करवाना असीम गोयल की प्राथमिकता रही है, ताकि जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और किसी भी क्षेत्र की अनदेखी न हो। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में अंबाला शहर में और भी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मूर्त रूप दिया जाएगा, जिनसे आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। स्थानीय निगम सदस्यों ने भी कहा कि असीम गोयल के नेतृत्व में अंबाला शहर ने पिछले कुछ वर्षों में अभूतपूर्व विकास देखा है। इस दौरान स्थानीय निगम सदस्य प्रीति सूद,शोभा पुनिया,भाजपा नेता गुरजंट सिंह,महामंत्री अमरजीत सिंह सारंगपुर, रघुबीर सिंह नडियाली,यशपाल चौधरी,पाला राम,दलवीर सिंह,मनजीत सिंह व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## छह दिनों में हुई 50 से कम रजिस्ट्रियां

# तहसीलों में पेपरलेस रजिस्ट्री बनी मुसीबत

- लोग बोले रजिस्ट्री के लिए नए के साथ पुराने सिस्टम को भी अपनाए सरकार, रोज लोगों को खाने पड़ रहे हैं धक्के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

तहसीलों में पेपरलेस प्रणाली से रजिस्ट्री का काम शुरू हुए कई दिन हो चुके हैं। इन दिनों में जिला में ऑनलाइन माध्यम से 47 रजिस्ट्री ही हो सकी हैं। आम दिनों में एक दिन में जिले में लगभग 200 रजिसट्रियां होती थीं, अब यह आंकड़ा काफी घट गया है। रजिसट्रियों से मिलने वाले राजस्व में भी कमी देखने को मिल रही है। हालांकि कितना राजस्व घटा है इसका आधिकारिक आंकड़ा अब तक राजस्व विभाग ने जारी नहीं किया है। इस समस्या के कारण लोगों को रोजाना तहसीलों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। पेपरलैस रजिस्ट्री के कार्य में अब तक तकनीकी खामी एक बड़ी वजह बना हुआ है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मंगलवार को जिले की तहसील और उप तहसीलों में आठ पेपरलैस रजिस्ट्री ही हो सकीं। इसमें से अंबाला कैंट, नारायणगढ़ व उप तहसील शहजादपुर में एक भी रजिस्ट्री नहीं हो सकी, क्योंकि पोर्टल धीमी गति से चल रहा था। इन दिक्कतों के कारण लोगों से लेकर कर्मचारी और अधिवक्ताओं तक को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### यह आ रहीं दिक्कतें

पेपरलेस रजिस्ट्री में ई-रजिस्ट्रेशन रेवेन्यू हरियाणा पोर्टल कभी धीमी गति से चल रहा तो कभी बंद हो रहा। ई-रजिस्ट्रेशन करते समय संपति आइडी नंबर नहीं उठा रहा। जमाबंदी का पार्ट खाना कास्त को भरते समय दिक्कत आ रही। पोर्टल में दो मालिक एक साथ दो रजिस्ट्री नहीं कर पा रहे हैं। जमीन बिक्रेता की एक से ज्यादा रजिस्ट्री का विकल्प नहीं आ रहा।

### पोर्टल खराबी से लोगो को आ रही रुकावट

रजिस्ट्री क्लर्क के पोर्टल पर अप्लाई दस्तावेज कई बार दिख नहीं रहे।अंबाला छावनी तहसील में सोमवार सुबह से आरसी-1 का पोर्टल नहीं चला। इस पोर्टल में जो दस्तावेज शुक्रवार को नजर आ रहे थे सोमवार को वह दिखे ही नहीं। इससे यह रजिस्ट्री नहीं हो सकीं। अंबाला शहर तहसील में तीन पेपर लैस रजिस्ट्री की गईं, जबकि पोर्टल में अपडेशन का कार्य चलता रहा। साहा उप तहसील में दोपहर बाद पोर्टल धीमी गति से चलता दिखा। यहां दिनभर में दो रजिस्ट्री ही हो सकीं। इसी प्रकार बराड़ा तहसील में पोर्टल रुक-रुक कर चलता रहा। यहां तीन पेपरलेस रजिस्ट्री हुईं। तहसील नारायणगढ़ व शहजादपुर उप तहसील में भी पोर्टल का यही हाल रहा। यहां पर कोई रजिस्ट्री नहीं हो सकी।


अंबाला। वंदे मातरम गीत गाते छात्र व शिक्षक।

### वंदे मातरम ने निभाई आजादी में अहम भूमिका

**अंबाला।** राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को डीएवी महाविद्यालय में 'वंदे मातरम @150' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. आरएस परमार ने विद्यार्थियों को वंदे मातरम के इतिहास और उसके राष्ट्रीय महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस गीत ने राष्ट्रीय एकता बढ़ाने, मातृभूमि के प्रति प्रेम भाव जागृत करने और देश की आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के जयघोष के साथ हुआ। कार्यक्रम में डॉ. राजीव राणा, डॉ. गरिमा सुमरान, डॉ. प्रियंका चौधरी, डॉ. खुशबू मल्होत्रा, अश्वनी, साहिल, नंदलाल, विजेंद्र, जसमेर, खुशहालचंद, रामकेवल व श्री दिनेश मौजूद रहे।

# वोट चोर—गद्दी चोर अभियान को लेकर कांग्रेस ने बिगुल फूंका

- 13 को मानव चौक पर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व सीएम भूपिंदर सिंह हुड्डा करेंगे कार्यकर्ताओं में भरेंगे जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

लोकतंत्र की मूल भावना और मतदाता के सम्मान की पुनर्स्थापना के उद्देश्य से कांग्रेस पार्टी ने 'वोट चोर–गद्दी चोर' अभियान के तहत अपने जिलास्तरीय कार्यक्रमों की शुरुआत करने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में अंबाला शहर के एपी. रेजिडेंसी में कांग्रेस नेताओं की एक महत्त्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी 13 नवंबर को मानव चौक पर होने वाले विशाल जनसभा कार्यक्रम की रणनीति तय की गई। इस बैठक की अध्यक्षता सांसद वरुण मुलाना व अंबाला शहर के विधायक चौधरी निर्मल सिंह ने की। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम लोकतंत्र की मर्यादा और जनता की आवाज़ के पुनरुद्धार के लिए कांग्रेस का जन-आंदोलन है। उन्होंने कहा कि देश में सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग जनादेश को अपमानित कर रहे हैं। जनता के वोटों से नहीं बल्कि सत्ता की सौदेबाज़ी से कुर्सियां हासिल कर रहे हैं। ऐसे में जनता के हक़ और अधिकार की रक्षा के लिए कांग्रेस का यह अभियान एक ऐतिहासिक कदम होगा। विधायक निर्मल सिंह ने बताया कि 'वोट चोर–गद्दी चोर' अभियान के तहत अंबाला शहर के मानव चौक से 13 नवंबर सुबह 10 बजे इस आंदोलन का आग़ाज़ किया जाएगा।


अंबाला। मीटिंग के दौरान सांसद वरूण चौधरी व विधायक निर्मल सिंह व अन्य।

### भूपेंद्र हुड्डा व राव नरेंद्र सिंह करेंगे जनसभा को संबोधित

आयोजित विशाल जनसभा को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा संबोधित करेंगे। दोनों नेता प्रदेश की जनता के सामने मौजूदा सरकार की विफलताओं, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई और प्रशासनिक अकर्मण्यता पर विस्तृत रूप से चर्चा करेंगे। जनसभा के उपरांत कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपेगा जिसमें सरकार की जनविरोधी नीतियों,किसानों की समस्याओं, बेरोजगारी की मार,शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में गिरते स्तर, तथा नागरिक सुविधाओं की अव्यवस्था पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। सिंह ने कहा कि जिस तरह आज सत्ता की कुर्सी पर बैठे लोग जनादेश की पवित्रता को नकार रहे हैं, यह देश के लोकतांत्रिक इतिहास के लिए एक गंभीर चेतावनी है। उन्होंने कहा कि 13 नवंबर की सुबह 10 बजे मानव चौक से जनता एक नए संकल्प के साथ उठेगी—यह संकल्प जनमत के अपमान का प्रतिकार और लोकतंत्र की पुनर्स्थापना का होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस ऐतिहासिक जनसभा को सफल बनाएं और अपने संकल्प को जनशक्ति में परिवर्तित करें। इस बैठक में जिलाध्यक्ष पवन अग्रवाल डिंपी,परमिंदर सिंह,दुष्यंत चौहान,पूर्व विधायक जसबीर मलौर,हिम्मत सिंह, अमीषा चावला,देवेंद्र बजाज, रोहित शर्मा विशु, विनोद धीमान, लक्ष्मी देवी, निगम सदस्य राजिंदर कौर, विजेंदर गुज्जर सोमा, हरमन हैरी, हरजीत सिंह बब्बल, नरेश कुमार, सुरजीत सिंह पंजोखरा, जग्गा खैरा, अतुल महाजन,कमल बाछल, संजू शर्मा और नवीन गुप्ता सहित अनेक नेताओं ने भाग लिया।

# विद्यार्थियों को गुरु तेग बहादुर की शिक्षाओं व वाणी की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय में गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं वक्तव्य का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गुरु जी के जीवन, शिक्षाओं और बलिदान पर भावपूर्ण विचार प्रस्तुत किए गए। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु तेग बहादुर न केवल सिख धर्म के नवें गुरु थे बल्कि वे मानवता, सत्य और धार्मिक स्वतंत्रता के प्रतीक भी थे। उन्होंने निस्वार्थ भाव से अपने प्राणों का बलिदान देकर हिंदुस्तान की आत्मा की रक्षा की।


बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी।

### गुरु तेग बहादुर के जीवन से लें प्रेरणा

मुख्य वक्ता अमरजीत कौर, विभागाध्यक्ष (अर्थशास्त्र) ने अपने वक्तव्य में गुरु तेग बहादुर के जीवन और शहादत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका बलिदान भारतीय संस्कृति की उस परंपरा का अमर उदाहरण है जिसमें सत्य और धर्म की रक्षा के लिए जीवन की आहुति दी जाती है। उन्होंने गुरु जी की वाणी और शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस दौरान प्रो. कमलजीत कौर ने कहा कि गुरु तेग बहादुर केवल एक नाम नहीं, बल्कि सत्य, निष्ठा, साहस और सेवा का उज्ज्वल प्रतीक हैं।

### गलत खानपान और अनियमित जीवनशैली से एनीमिया की समस्या बढ़ी

**थानेसर।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के स्वस्थवृत्त विभाग की ओर से राजकीय माध्यमिक विद्यालय, रतगल में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किशोरियों को स्वस्थ जीवनशैली, योग और संतुलित आहार के महत्व के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान आयुष विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. सीमा रानी ने बताया कि स्वस्थ दिनचर्या और सही लाइफस्टाइल अपनाने से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। उन्होंने छात्राओं को प्रतिदिन सुबह योग करने, संतुलित आहार लेने और फास्ट फूड से पूरी तरह बचने की सलाह दी। कहा कि गलत खानपान और अनियमित जीवनशैली के कारण किशोरियों में रक्त की कमी (एनीमिया) की समस्या बढ़ती जा रही है।

# युवा संसद में कानून निर्माण पर विस्तार से हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देश के विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर सारगर्भित चर्चा करते हुए अपनी राजनीतिक समझ और अभिव्यक्ति क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। युवा सांसदों ने काम रोको प्रस्ताव, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव तथा कानून निर्माण प्रक्रिया पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक दिनेश चंद्र के मार्गदर्शन में हुआ, जबकि भौतिक विज्ञान के प्राध्यापक राम सिंह ने सहयोगी भूमिका निभाई।


बराड़ा। युवा संसद का आयोजन करते हुए स्कूली बच्चे।

### छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की

निर्णायक मंडल में आशीष कुमार, अमन कुमार, रितु कौशल, अमी सिंह, डाइट मोहड़ा से विकास तथा राजेश शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजू बाला ने की। उप प्रधानाचार्या रीना रानी ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। प्रिंसिपल मंजू बाला ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त बनाते हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

## 406 विद्यार्थियों ने साइकिल पसंद की

**अंबाला।** पुलिस लाइन के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में शिक्षा विभाग की ओर से भव्य जिला स्तरीय साइकिल मेला आयोजित किया गया। मेले में जिले के सभी खंडों के राजकीय स्कूलों से कक्षा छठी के विद्यार्थी पहुंचे और उत्साहपूर्वक अपनी मनपसंद साइकिल का चुनाव किया। मेले में तय किए गए निर्धारित रेट से अधिक कीमत वाली साइकिलों की भी भरमार देखने को मिली। कुल मिलाकर जिले के 406 विद्यार्थियों ने मेले में अपनी पसंदीदा साइकिल चुनी। निदेशालय की ओर से साइकिल बजट कोषागार के माध्यम से सीधे वेंडर के खाते में भुगतान किया जाएगा। इस अवसर पर बच्चों में उत्साह और खुशी का माहौल देखा गया, साथ ही शिक्षा विभाग ने यह सुनिश्चित किया कि सभी विद्यार्थियों को उनके चयन के अनुसार साइकिल मिलें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## एंबुलेंस कर्मियों की सेवा में हो सुधार की उठाई गई मांगें

# देशभर के स्वास्थ्य संविदा एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत रखी मांगें

- केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात करते भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने लंबित मांगों का पत्र भी सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अखिल भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री दिनेश कुमार कौशिक के नेतृत्व में अखिल भारतीय स्वास्थ्य एवं एनएचएम महासंघ के प्रतिनिधिमंडल की महत्वपूर्ण बैठक केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के श्रम मंत्रालय में संपन्न हुई। भारतीय मजदूर संघ के केंद्रीय उपमहामंत्री एवं स्कीम प्रभारी सुरेंद्र पांडेय , संगठन मंत्री बी. सुरेंद्रन , महामंत्री दिनेश कौशिक द्वारा विस्तृत मांगों के बारे में मंत्री को अवगत करवाते हुए मांग पत्र सौंपा गया। इस दौरान उनके साथ में मंत्री योगेश कुमार उपाध्याय उपस्थित रहे। इस दौरान महासंघ द्वारा देशभर के स्वास्थ्य संविदा एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,एंबुलेंस कर्मियों की सेवा शर्तों में सुधार और समान अधिकारों के लिए प्रमुख मांगों को श्रम मंत्री के समक्ष विस्तार से रखा गया।



अंबाला। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात करते भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी।

### स्वास्थ्य कर्मियों की मांगों पर सकारात्मक पहल

महासंघ ने कहा 7वें वेतन आयोग के अनुसार18,000 न्यूनतम मूल वेतन, महंगाई भत्ता व वार्षिक वेतनवृद्धि की व्यवस्था, ग्रेच्यूटी, पेंशन, पीएफ एवं सामाजिक सुरक्षा लाभ, वेतन का प्रत्यक्ष भुगतान एवं आउटसोर्सिंग की समाप्ति, दीर्घकालिक सेवा पर लॉयल्टी बोनस, सेवानिवृत्ति पर 20 लाख की एकमुश्त राशि तथा सेवा आयु 65 वर्ष किए जाने मांग प्रमुखता से रखी। इसके साथ ही कुछ कर्मचारियों को सेवा से निष्कासन किया गया जैसे मामलों में विभागीय , जिला प्रदेश में स्वास्थ्य कमेटी गठित कर यूनियन प्रतिनिधियों की भागीदारी उपरांत निष्पक्ष जांच में निर्दोष कर्मचारियों की बहाली बीमा व चिकित्सा भत्ता, वन नेशन वन हेल्थ वन ह्यूमन रिसोर्स पोलिसी का क्रियान्वयन और डीए, टीए, बोनस, अवकाश, अन्य जिलों में स्थानांतरण नीति, तथा सरकारी भर्तियों में आयु छूट रेगुलर नियुक्तियों में बिना शर्त मध्यप्रदेश की तर्ज पर पचास प्रतिशत कार्यरत कर्मचारियों का समायोजन जैसी सुविधाएं प्रदान करने की मांग भी केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखी गई। कौशिक ने यह भी रेखांकित किया कि देशभर में स्वास्थ्य एवं एनएचएम, एम्बुलेंस संविदा कर्मी सीमित संसाधनों में स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ बने हुए हैं। विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के दौरान इनकी भूमिका अभूतपूर्व रही है। श्रम मंत्री ने न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि विभागीय विषयों को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को अग्रेषित किया जाएगा और निकट भविष्य में स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के साथ विस्तृत बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें इन मांगों पर गहराई से चर्चा कर जायज मांगों को लागू किया जाएगा। महासंघ ने मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह संवाद देशभर के स्वास्थ्य एवं एनएचएम, एंबुलेंस कर्मियों के लिए एक सकारात्मक शुरुआत है। यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय लिया जाता है तो इससे कर्मियों का मनोबल बढ़ेगा एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के लक्ष्यों की प्राप्ति में गति आएगी।